# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 30 मार्च 2026, अंक –247.**

**प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"आज का प्रयास हीं कल की सफलता है।"
— नेल्सन मंडेला



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.......!

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: दक्षिण अफ्रीका की प्रशासनिक राजधानी कहाँ है?
उत्तर: प्रिटोरिया (Pretoria)
प्रश्न 2: भारत का सबसे छोटा राज्य (क्षेत्रफल की दृष्टि से) कौन सा है?
उत्तर: गोवा
प्रश्न 3: 'कलमकारी' हस्तशिल्प चित्रकला मुख्य रूप से किस राज्य की है?
उत्तर: आंध्र प्रदेश
प्रश्न 4: एक 'चतुर्भुज' (Quadrilateral) में कुल कितनी भुजाएँ और कितने शीर्ष (Corners) होते हैं?
उत्तर: 4 भुजाएँ और 4 शीर्ष
प्रश्न 5: बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे ?
उत्तर: श्री कृष्ण सिंह
प्रश्न 6: विश्व का सबसे बड़ा 'डेल्टा' (Delta) कौन सा है?
उत्तर: सुंदरबन डेल्टा (भारत और बांग्लादेश)
प्रश्न 7: 'फाउंटेन पेन' (Fountain Pen) का आविष्कार किसने किया था?
उत्तर: पेट्राचे पोएनारू (Petrache Poenaru) - इसका आधुनिक स्वरूप लेविस वाटरमैन ने विकसित किया था।
प्रश्न 8: भारत में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' प्रत्येक वर्ष किस तिथि को मनाया जाता है?
उत्तर: 25 जनवरी
प्रश्न 9: 'पीताम्बर' (पीला है अम्बर जिसका अर्थात् विष्णु) में कौन सा समास है?
उत्तर: बहुव्रीहि समास
प्रश्न 10: मानव शरीर में ऑक्सीजन का परिवहन (Transport) किसके द्वारा होता है?
उत्तर: रक्त (हीमोग्लोबिन) के माध्यम से

संकलन:-

पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Sink (सिंक) – डूबना / डुबाना
Sank (सैंक) – डूबा
Sunk (संक) – डूबा हुआ / डुबाया गया

Slink (स्लिंक) – दबे पाँव चलना
Slunk (स्लंक) – दबे पाँव चला
Slunk (स्लंक) – दबे पाँव चला गया

Smite (स्माइट) – जोर से प्रहार करना
Smote (स्मोट) – प्रहार किया
Smitten (स्मिटन) – प्रहार किया गया


संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

थीम: Simple Conversation (सरल संवाद – 6)

क्या तुम पढ़ाई कर रहे हो? – Are you studying?
हाँ, मैं पढ़ाई कर रहा हूँ। – Yes, I am studying.
क्या यह आसान है? – Is it easy?
हाँ, यह आसान है। – Yes, it is easy.


संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 30 मार्च को किस भारतीय राज्य के 'स्थापना दिवस' के अवसर पर वहां की गौरवशाली संस्कृति का उत्सव मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: राजस्थान दिवस
व्याख्या: 30 मार्च 1949 को जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों के विलय के साथ 'वृहद राजस्थान' का गठन हुआ था। यह दिवस राजस्थान की वीर गाथाओं, किलों और रंगीन संस्कृति के सम्मान में मनाया जाता है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है।
संदर्भ: राजस्थान सरकार आधिकारिक पोर्टल (2026)।

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में 'राज्य का पहला कछुआ पुनर्वास केंद्र' (Turtle Rehabilitation Centre) के सफल संचालन के बाद वन्यजीव संरक्षण हेतु नई राशि आवंटित की है? (समसामयिकी)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: गंगा नदी में कछुओं के संरक्षण के लिए भागलपुर में स्थापित यह केंद्र अपनी तरह का पहला प्रयास है। मार्च 2026 में इसके विस्तार हेतु नई योजना को मंजूरी दी गई है। यह जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने और लुप्तप्राय प्रजातियों को बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार (मार्च 2026)।

3. "शिशुपाल वधम्" नामक महाकाव्य के रचयिता कौन है ? (इतिहास)
उत्तर: महाकवि 'माघ'
व्याख्या: संस्कृत साहित्य के महान कवि माघ द्वारा रचित यह महाकाव्य भगवान कृष्ण द्वारा शिशुपाल के वध की कथा पर आधारित है। इसमें राजनीति, युद्ध कौशल और मानवीय भावनाओं का उत्कृष्ट वर्णन मिलता है। यह ग्रंथ अपनी शब्द-शक्ति और अर्थ-गौरव के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण)।

4. पृथ्वी के वायुमंडल की वह कौन सी परत है जो 'उल्कापिंडों' से हमारी रक्षा करती है? (पर्यावरण/भूगोल)
उत्तर: मध्यमंडल (Mesosphere)
व्याख्या: यह वायुमंडल की तीसरी परत है। अंतरिक्ष से आने वाले उल्कापिंड इसी परत में प्रवेश करते ही हवा के घर्षण के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। यह पृथ्वी की सतह को बाहरी खगोलीय पिंडों के सीधे प्रहार से बचाने में सहायक है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 भूगोल, अध्याय 4 (वायु), पृष्ठ 23।

5. 'पूर्ण स्वराज' का संकल्प कांग्रेस के किस वार्षिक अधिवेशन में लिया गया था? (इतिहास)
उत्तर: लाहौर अधिवेशन (1929)
व्याख्या: दिसंबर 1929 में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में रावी नदी के तट पर 'पूर्ण स्वराज' का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया गया था। इसी अधिवेशन में तय किया गया कि 26 जनवरी 1930 को पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इसने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के लक्ष्य को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया था।
संदर्भ: NCERT कक्षा 8 इतिहास, अध्याय 9 (राष्ट्रीय आंदोलन), पृष्ठ 117।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जिसे 'नेफा' (NEFA) के नाम से भी जाना जाता था? (भूगोल)
उत्तर: अरुणाचल प्रदेश
व्याख्या: अरुणाचल प्रदेश को पहले 'नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी' (NEFA) कहा जाता था। 1972 में इसे केंद्र शासित प्रदेश और 1987 में पूर्ण राज्य का दर्जा मिला। यह भारत का सबसे पूर्वी राज्य है जहाँ सूर्य की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं।
संदर्भ: NCERT कक्षा 9 भूगोल, अध्याय 1 (भारत – आकार और स्थिति), पृष्ठ 3।

7. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत 'समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता' का प्रावधान है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 39A
व्याख्या: राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के अंतर्गत अनुच्छेद 39A यह सुनिश्चित करता है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित न रहे। यह गरीबों और समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी न्याय तक पहुँच प्रदान करने का एक संवैधानिक वादा है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2, पृष्ठ 43।

8. 'चमकीला अधातु' (Lustrous Non-metal) किसे कहा जाता है, जो अधातु होते हुए भी धातु की तरह चमकता है? (विज्ञान)
उत्तर: आयोडीन
व्याख्या: सामान्यतः अधातुएँ चमकहीन (Dull) होती हैं, लेकिन आयोडीन एक अपवाद है जिसमें प्राकृतिक चमक पाई जाती है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए, विशेषकर थायराइड ग्रंथि के कार्य के लिए अनिवार्य तत्व है। विज्ञान में अपवादों का अध्ययन परीक्षाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: NCERT कक्षा 10 विज्ञान, अध्याय 3 (धातु एवं अधातु), पृष्ठ 40।

9. 'भरतनाट्यम' और 'ओडिसी' के मिश्रण वाली 'कथक' शैली में पैरों के काम (Footwork) को क्या कहा जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: तत्कार
व्याख्या: कथक उत्तर भारत का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है। इसमें पैरों की जटिल थाप और लयबद्ध संचालन को 'तत्कार' कहा जाता है। यह नृत्य मुख्य रूप से 'कथा' कहने की कला पर आधारित है, जिसका विकास मंदिरों से शुरू होकर राजदरबारों तक पहुँचा।
संदर्भ: NCERT कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 9 (क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण), पृष्ठ 124।

10. बिहार के किस जिले में 'विक्रमशिला सेतु' (Vikramshila Setu) स्थित है, जो गंगा नदी पर बना एक प्रमुख पुल है? (बिहार GK)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: भागलपुर में गंगा नदी पर बना यह सेतु उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह डॉल्फिन अभ्यारण्य के पास स्थित है। परिवहन के अलावा यह पुल क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों और कृषि व्यापार को बढ़ावा देने में सहायक है।
संदर्भ: SCERT बिहार कक्षा 9 भूगोल; बिहार आर्थिक सर्वेक्षण।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W4): चमकी बुखार (AES) के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार हेतु किस प्राथमिक दवा का सुझाव दिया जाता है? (विद्यालय सुरक्षा)

उत्तर: ओ.आर.एस. (ORS) / चीनी-पानी

व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W4) के अनुसार, मस्तिष्क ज्वर के लक्षण (जैसे शरीर में ऐंठन या बेहोशी) दिखने पर बच्चे को तुरंत ओ.आर.एस. का घोल या चीनी-पानी देना चाहिए। इसके साथ ही बच्चे को बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल पहुँचाना अनिवार्य है। 'मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत यह जीवन रक्षक जानकारी हर घर तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य है।

संदर्भ: सुरक्षित शनिवार वार्षिक सारणी एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026।

12. एक फोटो की ओर इशारा करते हुए सोहन ने कहा— "वह मेरे पिता की इकलौती संतान का बेटा है।" सोहन का उस फोटो वाले लड़के से क्या रिश्ता है? (मानसिक योग्यता)

उत्तर: पिता

व्याख्या: सोहन के पिता की इकलौती संतान स्वयं 'सोहन' है। वह लड़का सोहन का बेटा है, अतः सोहन उस लड़के का 'पिता' हुआ। यह प्रश्न छात्रों की पारिवारिक रिश्तों को तार्किक रूप से सुलझाने की क्षमता को परखता है।

संदर्भ: NTSE मानसिक योग्यता अभ्यास (हाई स्कूल स्तर)।


GK संकलन:-

शैलेन्द्र कुमार

प्रधान शिक्षक

Govt. PS बोदसर

बगहा-2, प. चम्पारण ।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Intricate (इंट्रिकेट) = Complex (कॉम्प्लेक्स) = जटिल

Antonym – Simple (सिम्पल) = सरल

Judicious (जुडिशियस) = Sensible (सेंसिबल) = विवेकपूर्ण

Antonym – Unwise (अनवाइज़) = अविवेकपूर्ण

Keen (कीन) = Eager (ईगर) = उत्सुक / तीव्र

Antonym – Indifferent (इन्डिफरेंट) = उदासीन

Lethal (लीथल) = Deadly (डेडली) = घातक

Antonym – Harmless (हार्मलेस) = हानिरहित

Mend (मेन्ड) = Repair (रिपेयर) = सुधारना / ठीक करना

Antonym – Damage (डैमेज) = नुकसान पहुँचाना




~: संकलन :~

राकेश कुमार राव

प्रधानाध्यापक

PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय

वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

PM Modi in Mann Ki Baat thanks Gulf countries for supporting Indians during West Asia conflict; urges people not to be misled by rumours and trust government information sources.
पीएम मोदी ने 'मन की बात' में पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान भारतीयों का समर्थन करने के लिए खाड़ी देशों का धन्यवाद किया; लोगों से अफवाहों से बचने और सरकार की जानकारी पर भरोसा करने की अपील।

Government extends Bharat Tribes Fest 2026 till April 5 amid strong public response; PM pushes E20 ethanol blending to reduce fuel imports amid Hormuz crisis.
सरकार ने मजबूत जनसहयोग के बीच भारत ट्राइब्स फेस्ट 2026 को 5 अप्रैल तक बढ़ाया; पीएम ने होर्मुज संकट के बीच ईंधन आयात कम करने के लिए E20 एथनॉल ब्लेंडिंग पर जोर दिया।

Former Raymond chairman Vijaypat Singhania passes away in Mumbai at 87; tributes pour in from industry leaders.
पूर्व रेमंड चेयरमैन विजयपत सिंहानिया का मुंबई में 87 वर्ष की आयु में निधन; उद्योग नेताओं से श्रद्धांजलि।

## INTERNATIONAL NEWS

Iran war escalates as Yemen's Houthis launch first missile and drone strikes on Israel; new front opens in conflict, raising fears for global shipping and Bab al-Mandab Strait.
ईरान युद्ध बढ़ा: यमन के हूती विद्रोहियों ने इज़राइल पर पहला मिसाइल और ड्रोन हमला किया; संघर्ष में नया मोर्चा खुला, वैश्विक शिपिंग और बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य पर चिंता।

Trump claims US in strong position for peace deal in Iran war; postpones further strikes but warns of stronger action if Strait of Hormuz not reopened.
ट्रंप ने ईरान युद्ध में शांति समझौते के लिए अमेरिका को मजबूत स्थिति में बताया; आगे के हमले टाले लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य न खुलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।

Israel continues strikes on Iranian targets; diplomats from Saudi Arabia, Turkey and Egypt meet in Islamabad as Pakistan pushes to prevent further spread of conflict.
इज़राइल ने ईरानी लक्ष्यों पर हमले जारी रखे; सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के राजनयिक इस्लामाबाद में मिले, पाकिस्तान संघर्ष के आगे फैलाव रोकने का प्रयास कर रहा।

## BIHAR NEWS

**Nitish Kumar calls for united efforts to build a prosperous Bihar; emphasizes development works amid ongoing political transitions and leadership discussions.**
**नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार बनाने के लिए एकजुट प्रयासों की अपील की; राजनीतिक बदलाव और नेतृत्व चर्चाओं के बीच विकास कार्यों पर जोर।**

**Bihar Board Class 10 results related updates and answer key objections period concluded earlier; preparations for higher education and job fairs continue across the state.**
**बिहार बोर्ड कक्षा 10 परिणाम संबंधी अपडेट और आंसर की आपत्ति अवधि पहले समाप्त; उच्च शिक्षा और जॉब फेयर की तैयारियां राज्य भर में जारी।**

## SPORTS NEWS

**IPL 2026 Match 2: Mumbai Indians vs Kolkata Knight Riders underway; Hardik Pandya-led MI look to end first-match jinx against KKR.**
**IPL 2026 मैच 2: मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स मैच जारी; हरदिक पांड्या की अगुवाई वाली MI कोलकाता के खिलाफ पहले मैच की हार का सिलसिला तोड़ने की कोशिश में।**

**IPL 2026: Virat Kohli says break from cricket helped him remain fresh and excited; RCB starts season with strong win, controversy over boundary line catch in opener.**
**IPL 2026: विराट कोहली ने कहा क्रिकेट से ब्रेक ने उन्हें तरोताजा और उत्साहित रखा; RCB ने सीजन की शुरुआत मजबूत जीत से की, ओपनर में बाउंड्री लाइन कैच पर विवाद।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

**✍️ संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

अनुभाग-6

प्रेरक कहानी

# "मेहनत का फल"

30 मार्च का दिन था। विद्यालय में पीटीएम (अभिभावक-शिक्षक बैठक) आयोजित की गई थी। सभी छात्र अपने माता-पिता के साथ उत्सुकता और थोड़ी घबराहट के साथ परिणाम जानने आए थे।

कक्षा में जब परिणाम घोषित हुआ, तो इस बार प्रथम स्थान अंश ने प्राप्त किया। उसके माता-पिता की आँखों में खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। अंश शांत और विनम्र खड़ा था।

वहीं दूसरी ओर रोहन अपने परिणाम से थोड़ा निराश था। उसके अंक उम्मीद के अनुसार नहीं आए थे। उसके माता-पिता भी चिंतित दिखाई दे रहे थे।

तभी वर्मा सर ने दोनों छात्रों और उनके अभिभावकों को पास बुलाया और मुस्कुराते हुए पूछा— "बताइए, इस परिणाम से आप लोगों ने क्या सीखा?"

अंश ने विनम्रता से कहा—

"सर, मैंने पूरे साल रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ाई की, समय का पालन किया और नियमित अभ्यास किया। उसी का परिणाम आज मिला है।"

रोहन ने सिर झुकाकर कहा—

"सर, मैंने शुरुआत में ध्यान नहीं दिया। सोचा था कि परीक्षा के समय ज्यादा पढ़ लूंगा, लेकिन तब तक देर हो गई।"

वर्मा सर ने समझाते हुए कहा—

"सफलता किसी एक दिन की मेहनत से नहीं मिलती, बल्कि यह निरंतर प्रयास और अनुशासन का परिणाम होती है। जो छात्र रोज थोड़ा-थोड़ा मेहनत करता है, वही अंत में बड़ी सफलता पाता है।"

उन्होंने अभिभावकों की ओर देखते हुए कहा— "बच्चों को सिर्फ परिणाम के लिए नहीं, बल्कि उनके प्रयास और नियमितता के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।"

रोहन ने दृढ़ निश्चय करते हुए कहा—

"सर, अब मैं रोज नियमित पढ़ाई करूंगा और अनुशासन का पालन करूंगा।"

वर्मा सर ने मुस्कुराते हुए कहा—

"यही असली जीत है—अपनी गलती से सीखकर आगे बढ़ना।"

उस दिन सभी ने समझ लिया कि मेहनत का फल सच में मीठा होता है, लेकिन वह उन्हें ही मिलता है जो धैर्य और अनुशासन के साथ लगातार प्रयास करते हैं।

संदेश : "निरंतर मेहनत और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी हैं।"



................✍
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "विद्यालय–समुदाय सहभागिता का महत्व"

किसी भी विद्यालय की सफलता केवल उसके भवन, संसाधनों या पाठ्यपुस्तकों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि वह अपने आसपास के समुदाय से कितना जुड़ा हुआ है। जब विद्यालय और समुदाय मिलकर बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य करते हैं, तब शिक्षा अधिक प्रभावी, व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बन जाती है। इसी समन्वय को विद्यालय–समुदाय सहभागिता (School–Community Participation) कहा जाता है।

विद्यालय–समुदाय सहभागिता का अर्थ है कि अभिभावक, स्थानीय नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य सामाजिक संस्थाएँ विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने में सहयोग करें। यह सहभागिता केवल बैठकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यालय के समग्र विकास से जुड़ी होती है।

उदाहरण के लिए यदि विद्यालय में मासिक शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आयोजित की जाती है, तो इसमें अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार और उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार शिक्षक भी अभिभावकों से बच्चों की घर की स्थिति के बारे में जान पाते हैं। इससे बच्चों की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने और समाधान निकालने में मदद मिलती है।

बिहार के सरकारी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति (SMC) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो विद्यालय और समुदाय के बीच एक सेतु का कार्य करती है। Right to Education Act 2009 के अंतर्गत SMC का गठन अनिवार्य किया गया है, जिसमें अभिभावकों की प्रमुख भागीदारी होती है। यह समिति विद्यालय के संचालन, संसाधनों के उपयोग और विकास योजनाओं में सहयोग करती है।

विद्यालय–समुदाय सहभागिता का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे बच्चों की उपस्थिति और सीखने में सुधार होता है। जब अभिभावक विद्यालय की गतिविधियों में रुचि लेते हैं, तो वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही वे घर पर भी बच्चों को पढ़ने-लिखने का वातावरण प्रदान करते हैं।

इसके अलावा समुदाय के सहयोग से विद्यालय में स्थानीय संसाधनों का उपयोग भी किया जा सकता है। जैसे—स्थानीय कलाकार बच्चों को कला सिखा सकते हैं, किसान खेती से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं या कोई कारीगर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकता है। इससे बच्चों का सीखना जीवन से जुड़ता है और अधिक व्यावहारिक बनता है।

शिक्षकों की भूमिका भी इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्हें अभिभावकों और समुदाय के साथ सकारात्मक और सम्मानजनक संबंध बनाना चाहिए। यदि शिक्षक खुले मन से संवाद करें और समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों में शामिल करें, तो एक सहयोगात्मक वातावरण तैयार होता है।

अंततः कहा जा सकता है कि विद्यालय–समुदाय सहभागिता शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का एक प्रभावी माध्यम है। यह विद्यालय को समाज से जोड़ता है और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। जब विद्यालय और समुदाय एक साथ मिलकर कार्य करते हैं, तब शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जीवन का हिस्सा बन जाती है।

.................✍️
मनोज कुमार झा
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 21

## "(इंटरमीडिएट के बाद – B.Sc. Agriculture)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आपकी रुचि कृषि, वैज्ञानिक खेती, ग्रामीण विकास और एग्री-बिज़नेस में है, तो B.Sc Agriculture एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं भविष्य-उन्मुख स्नातक कोर्स है। यह कोर्स आधुनिक कृषि तकनीक, मृदा विज्ञान (Soil Science), पौध प्रजनन (Plant Breeding), कृषि अर्थशास्त्र, एग्रोनॉमी, कीट विज्ञान (Entomology), बागवानी (Horticulture) आदि विषयों का वैज्ञानिक अध्ययन कराता है। आज के समय में कृषि केवल खेती तक सीमित नहीं, बल्कि एक बड़ा एग्री-इंडस्ट्री सेक्टर बन चुका है।

अर्हता: 12वीं (Physics, Chemistry, Biology/Mathematics/Agriculture) के साथ उत्तीर्ण; सामान्यतः न्यूनतम 50% अंक अपेक्षित।

नामांकन प्रक्रिया: बिहार में B.Sc Agriculture में प्रवेश के लिए Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board द्वारा आयोजित परीक्षा/काउंसलिंग प्रक्रिया अपनाई जाती है। कई राष्ट्रीय संस्थानों में ICAR (Indian Council of Agricultural Research) के माध्यम से भी प्रवेश होता है।

बिहार के प्रमुख सरकारी संस्थान: Dr. Rajendra Prasad Central Agricultural University – rpcau.ac.in, Bihar Agricultural University – bausabour.ac.in

देश के प्रमुख सरकारी संस्थान: Indian Agricultural Research Institute – iari.res.in, Govind Ballabh Pant University of Agriculture and Technology – gbpuat.ac.in, Punjab Agricultural University – pau.edu

कोर्स अवधि: 4 वर्ष (8 सेमेस्टर)।

रोजगार की संभावना: कृषि विभाग, कृषि वैज्ञानिक, एग्री-बिज़नेस कंपनियाँ, बैंक (Agriculture Officer), NGO, कृषि सलाहकार, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री। प्रारंभिक वेतन ₹25,000–50,000 प्रति माह; अनुभव और विशेषज्ञता के साथ वृद्धि।

स्व-रोजगार के अवसर: आधुनिक खेती, जैविक कृषि, डेयरी, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, एग्री-स्टार्टअप आदि के माध्यम से उच्च आय अर्जित की जा सकती है।

उच्च शिक्षा: M.Sc Agriculture, ICAR-JRF, कृषि अनुसंधान, कृषि विश्वविद्यालयों में शिक्षण/वैज्ञानिक पद।

वित्तीय सहायता: बिहार सरकार की स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (drcc.bihar.gov.in) के अंतर्गत सहायता उपलब्ध है। छात्रवृत्ति हेतु National Scholarship Portal – scholarships.gov.in पर विभिन्न योजनाएँ उपलब्ध हैं। ICAR द्वारा भी मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप वैज्ञानिक खेती, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देना चाहते हैं, तो B.Sc Agriculture आपके लिए अत्यंत उज्ज्वल और स्थायी करियर विकल्प है।

अगले पत्र में – मैट्रिक के बाद : ITI – Diesel Mechanic।....✍️



शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org